हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
2 मार्च 2026, बरेली

PAGE NO 8 : TOP

हड्डी-जोड़ों के ऑपरेशन की नई तकनीक बताई

सिंपोजियम में विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा को सम्मानित करते चेयरमैन देवमूर्ति।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बरेली आर्थोपैडिक एसोसिएशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय बरेली रिवीजन आर्थोप्लास्टी सिंपोजियम का रविवार को समापन हो गया। इसमें ऑपरेशन की नई तकनीक की जानकारी दी गई।

उद्घाटन सत्र में आर्थोपेडिक सर्जन और बिथरी के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने बढ़ते हादसों पर चिंता जताई। डॉ. उत्तम गर्ग ने सिंपोजियम की सराहना की। एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने जल्द ही मरीजों के लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एयर एंबुलेंस सेवा आरंभ होने की बात कही। साथ ही मेडिकल कॉलेज में लेवल वन का ट्रामा सेंटर स्थापित किए जाने की भी घोषणा की। ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. संजय गुप्ता ने सिंपोजियम के विषय में बताया। इस दौरान डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. ध्रुव गोयल, डॉ. राहुल वर्मा, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डॉ. आरबी कालिया, डॉ. एसएस मोहंती, डॉ. सिद्धार्थ एम शाह समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।